तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026



02 पुलिस लाइन में अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल में आपदाओं...






04 जनगणना 2027 के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण जारी, 1 मई...







Shri Gopala HOSPITAL

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल

रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी

सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL

विगत 9 वर्षों से संचालित

सिद्धि विनायक बच्चों का अस्पताल

अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी मो. 99813-21524/72230-11528

नवजात शिशु विभाग

◆ आधुनिक एनआईसीयू ◆ पांच कृत्रिम श्वास मशीनें (वेंटिलेटर की सुविधा)

◆ आपके नवजात शिशु की बीमारियों का विशेष देखभाल ◆ सभी टीकाकरण प्रतिदिन

"विश्वास के साथ चिकित्सा का वादा"





डॉ. विजय रावत

(MBBS/DCH)

नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ

पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़

बच्चों का विभाग :: ◆ ऑक्सीजन युक्त जनरल वार्ड ◆ आधुनिक आईसीयू ◆ बच्चों में होने वाली बीमारियों का विशेष देखभाल


## खबर संक्षेप

### बाइक की ठोकर से घायल की मौत, अपराध कायम

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत पण्डरीपारा दुर्गूकोंदल के पास



आरोपी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 एम 1663 का चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए 31 मार्च को एक्सीडेंट करने से मृतक कुमार मादवे के सिर में गंभीर चोट आने से मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

**कांकेर।** गोण्डाहूर थाना अंतर्गत पीव्ही 49 पेट्रोल पंप के पास अज्ञात बाइक के चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए युवक को ठोकर मार दिया। बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे पखांजूर के निजी अस्पताल ले गए। हालत को गंभीर देख उपस्थित चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रिफर किया किया। आसपास के लोगों के मदद से इलाज के लिए निजी पखांजूर ले कर गए। बेहतर इलाज के लिए धमतरी के अस्पताल में रिफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जिपं सामान्य सभा की बैठक 24 को

**कांकेर।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी की अध्यक्षता में जिला पंचायत कांकेर के सामान्य सभा की बैठक 24 अप्रैल शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी, जिसमें संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# अप्रैल की गर्मी ने किया बेहाल, दोपहर में सड़कें सूनी व बाजारों में सन्नाटा

## तापमान में और बढ़ोतरी के संकेत, बढ़ सकता है लू का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अप्रैल का महीना अभी आधा भी नहीं बीता, लेकिन आसमान से बरसती आग ने जनजीवन को झुलसा कर रख दिया है। सूरज की तीखी किरणों और बढ़ती उमस ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह बदल दिया है। दोपहर होते-होते शहर की व्यस्त सड़कें सूनी नजर आने लगती हैं, मानो जीवन कुछ घंटों के लिए ठहर गया हो।

भीषण गर्मी का असर सबसे ज्यादा व्यापारिक गतिविधियों पर दिखाई दे रहा है। शहर के बाजारों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, सुबह 11 बजे के बाद ग्राहकों की संख्या तेजी से घट जाती है और शाम 6 बजे के बाद ही बाजारों में रौनक लौटती है। नतीजतन, दोपहर का कारोबार लगभग ठप हो गया है। मौसम विभाग की चेतावनी ने चिंता और बढ़ा दी है। आने वाले दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की संभावना है। शुष्क हवाओं के कारण लू का प्रकोप भी तेज होगा, जिससे हालात और चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। इसी वजह से लोग अब बेहद जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। जो लोग बाहर जा रहे हैं, वे पूरी सावधानी बरतते नजर आते हैं। चेहरे पर स्कार्फ, सिर पर टोपी और आंखों पर चश्मा अब आम दृश्य बन चुका है। गर्मी के बढ़ते असर के बीच ठंडे पेय पदार्थों की मांग में जबरदस्त उछाल आया है।

गन्ने का रस, नींबू पानी और मटके का ठंडा पानी लोगों को राहत देने का काम कर रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने भी अहम कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छात्र हित में बड़ा निर्णय लेते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि बढ़ा दी है। अब प्रदेश के सभी स्कूलों में 20 अप्रैल से 15 जून तक छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। गर्मी का यह शुरुआती दौर ही जब इतना कठिन है, तो आने वाले मई और जून के महीनों की चुनौतियों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।



### स्वास्थ्य विभाग ने दी सलाह

स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचने, अधिक पानी पीने, ओआरएस का सेवन करने और हल्के रंग के सूती कपड़े पहनने की हिदायत दी गई है। डिहाइटेड से बचने की सलाह दी गई।

## खनिज विभाग ने अवैध रेत खदान की मानीटरिंग के लिए टीम गठित की

# टांहकापार में रेत का अवैध उत्खनन, संलिप्त चेनमाउंटेन को खनिज विभाग ने किया सील

- हाराडुला और खरथा में रेत का अवैध उत्खनन, पर विभाग है बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खनन नियमों को धता बताते हुए अवैध रेत उत्खनन का खेल एक बार फिर उजागर हुआ है। बिना किसी वैध अनुमति के खदानों में उतर रही भारी-भरकम चैन मांउटेन मशीनों पर आखिरकार खनिज विभाग की नजर पड़ गई। सख्त कार्रवाई करते हुए विभाग ने मौके पर पहुंचकर टहकापार अवैध रेत खदान में लगी चैन माउंटेन मशीन को सील कर दिया, जिससे अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र की कुछ रेत खदानों में लंबे समय से नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध उत्खनन किया जा रहा था और कुछ खदानों पर प्रयास किया जा रहा है। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई में देरी होने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद थे। बासनवाही में लंबे समय से स्थानीय युवक रेत तस्कर राहुल सोनी जिले से बाहर के लोगों के साथ सांठगांठ करके अवैध रेत का परिवहन लंबे समय से कर रहे थे, शिकायत होने के बाद इस खदान को बंद कराया गया।

इस खदान के बंद होने के उपरांत अब खरथा और हाराडुला के नाम पर दूसरे इलाके पर रैम्प बनाने का अनवरत खेल जारी है। विभाग के अमले को खबर मिलने पर दो दिन पहले टाहकांपार में लगी चैन माउंटेन को जप्त किया गया है। इसके पहले पाँच खदानों से पाँच चैन माउंटेन को जप्त किया गया था, परंतु इन पर कार्यवाही क्या हुआ, उसका खुलासा विभाग ने अभी तक नहीं किया है। टांहकापार में कार्रवाई के बाद क्षेत्र में खनन माफियाओं के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध खनन के कारण न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा था, बल्कि राजस्व की भी भारी हानि हो रही थी। ▶▶| शेष पेज 02 पर



### ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी समिति का गठन

खनिज विभाग ने जिले के लगभग 25 स्थानों पर अवैध ढंग से रेत का उत्खनन हो रहा है, उन तत्काल रोक लगाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी समिति का गठन किया गया है और नागरिकों को जागरूक कर ने सूचना बोर्ड भी लगा दिया है यह निर्णय सार्वजनिक संरचना की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लिया गया है। नवगठित समिति में ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, कोटवार एवं हल्का पटवारी को शामिल किया गया है, जिन्हें क्षेत्र में 24×7 निगरानी एवं त्वरित सूचना देने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति द्वारा सार्वजनिक संरचना पुल आदि के आस पास रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी नजर रखी जाएगी

### कानूनी कार्रवाई की जाएगी

खनिज विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध अनुमति के किसी भी प्रकार का खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# महुआ, किशमिश व मोटरसाइकिल की चोरी, 1 अपचारी समेत 2 गिरफ्तार

- सूखा महुआ दस बोरी एवं अंगूर की एक बोरी की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना अंतागढ़ अंतर्गत नयापारा में घर के बाहर खड़ी पिकअप वाहन में रखे हुए महुआ और अंगूर के चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया। चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपी अंतागढ़ थानांतर्गत लाटापारा निवासी 18 वर्षीय रामरतन और विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा गया। कब्जे से चोरी किया गया माल और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने इस कार्रवाई के माध्यम से क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह पर नकेल कसी है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे नयापारा अंतागढ़ निवासी 46 वर्षीय अमर साहू पिता राधा कृष्णा साहू ने पुलिस को बताया कि गल्ला का फुटकर व्यापारी हूं और 14 अप्रैल को रात करीबन 9 बजें पिकअप वाहन को घर के सामने सड़क किनारे खड़ा किया था, जिसमें बाजार से खरीदी किया हुआ सूखा महुआ दस बोरी एवं हल्का क्वालिटी का अंगूर एक बोरी को पिकअप वाहन के डाले में रखा था और घर में चला गया। अगले दिन 15 अप्रैल को सुबह 7 बजें देखा तो मेरे पिकप वाहन, जिसे तिरपाल से बांधा था, उसकी रस्सी कटी हुई थी। तिरपाल को हटाकर देखा तो दस बोरी महुआ में से चार बोरी महुआ एवं एक बोरी हल्का क्वालिटी का अंगूर को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था। चोरी हुए समान से मुझे लगभग 8 हजार रूपएं का आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर अंतागढ़ और नारायणपुर जिले से दो संदेहियों को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने न केवल महुआ चोरी की बात कबूली, बल्कि पुरानी घटनाओं का भी खुलासा किया। ▶▶| शेष पेज 02 पर

## परंपरा निभाने लोगों में दिखा खास उत्साह

# अक्षय तृतीया पर अनोखी परंपरा, गुड्डा-गुड़िया बनेंगे दूल्हा-दुल्हन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हिन्दू धर्म में अक्षय तृतीया को बेहद शुभ और महत्वपूर्ण माना जाता है। इस पर्व को आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है। यह त्योहार वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन किया गया कोई भी शुभ कार्य, दान, जप या यज्ञ का फल कभी समाप्त नहीं होता बल्कि सदैव बढ़ता रहता है।

कांकेर में अक्षय तृतीया के पर्व को लेकर बाजार भी पूरी तरह एक से दो दिन पहले से सज गए हैं और खरीदारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर के मुख्य बाजारों में इन दिनों गुड्डे-गुड़िया की आकर्षक मूर्तियों की खूब बिक्री हो रही है। परंपरा के अनुसार अक्षय तृतीया पर गुड्डे-गुड़िया की पूजा और खरीदारी को शुभ माना जाता है, जिसके चलते इनकी मांग हर वर्ष बढ़ती जा रही है। इस बार बाजार में अलग-अलग आकार और डिजाइनों में गुड्डे-गुड़िया उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 100 रुपए से शुरू होकर 200 रुपए तक रही। छोटे बच्चों के लिए रंग-बिरंगे और आकर्षक डिजाइन वाले खिलौने खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बिक्री में तेजी आई है और अक्षय तृतीया के दिन तक इसमें और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि इस बार प्लास्टिक के साथ-साथ मिट्टी और पारंपरिक शैली की मूर्तियों की भी अच्छी मांग देखी जा रही है। ▶▶| शेष पेज 02 पर



### गुड्डा-गुड़िया का आज कराएंगे विवाह

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर कांकेर में पारंपरिक रूप से गुड्डा-गुड़िया का विवाह कराया जाएगा। इस अनोखी परंपरा में बच्चे और महिलाएं विशेष उत्साह के साथ भाग लेते हैं। घरों में विधि-विधान से गुड्डा-गुड़िया को दूल्हा-दुल्हन की तरह सजाया जाता है और प्रतीकात्मक रूप से उनका विवाह संपन्न कराया जाता है। इस दौरान पूजा-अर्चना, गीत-संगीत और खुशियों का माहौल बना रहता है। मान्यता है कि इस परंपरा को निभाने से घर में सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन में खुशहाली आती है, इसलिए लोग इसे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं।

### अक्षय तृतीया आज, मुर्हूत का रखें ध्यान

पंचांग के अनुसार, तृतीया तिथि 19 अप्रैल की सुबह 10 बजकर 49 मिनट से 20 अप्रैल की सुबह 7 बजकर 27 मिनट तक रहेगी। वहीं, पूजा का मुहूर्त रविवार सुबह 10 बजकर 49 मिनट से दोपहर 12 बजकर 20 मिनट तक रहेगा. इस शुभ मुहूर्त में पूजा, दान और नई चीजें खरीदना अत्यंत फलदायी होता है। इस दिन सोने का खास महत्व होता है।

## डेटा के आधार पर, लक्ष्य स्पष्ट है, अंतिम व्यक्ति तक मिलेगा लाभ

# विकास योजनाएं स्वयं पहुँचेगीं हर उस घर में जो अब तक हैं वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में बस्तर मुन्ने कार्यक्रम एवं नियद नेल्लानार 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद (एनसीएईआर) द्वारा किए गए व्यापक सर्वेक्षण ने उन परिवारों और क्षेत्रों की पहचान कर दी है, जो अब तक शासन की योजनाओं से दूर थे। प्रशासन अब स्वयं उन तक पहुँचेगा और शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करेगा। आयोजित बैठक में जिले में संचालित 31 प्रमुख हितग्राही मूलक योजनाओं की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की गई। सीईओ मंडावी ने बताया कि इस बार कार्यप्रणाली पूरी तरह डेटा-आधारित होगी।

इसके तहत क्लस्टर स्तर पर विशेष नोडल टीमें गठित की गई हैं, जो सर्वेक्षण डेटा का उपयोग कर सीधे पात्र हितग्राहियों के घर तक पहुंचेंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों के माध्यम से मौके पर ही आवेदन स्वीकार कर उनका त्वरित निराकरण किया जाए, ताकि हितग्राहियों को तत्काल लाभ मिल सके। प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई बाधा न आए। प्रशासन की यह पहल न केवल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास भी है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम छोर तक पहुँचे। कांकेर जिला में अब में कोई भी पीछे न छूटे, यही इस अभियान का मूल मंत्र है। ▶▶| शेष पेज 02 पर

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज जिले के प्रवास पर

**कांकेर।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग एवं कांकेर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव 19 अप्रैल रविवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे प्रातः 11 बजे रायपुर से प्रस्थान कर 12.30 बजे चारामा पहुंचकर मावा मोदोल का लोकार्पण करेंगे। तत्पश्चात वहां से कांकेर पहुंचकर 01.20 बजे जिला अस्पताल में ट्रामा यूनिट का लोकार्पण करेंगे तथा जिला अस्पताल के सामने पुत्री शाला स्थित वित्तीय साक्षरता लैब का लोकार्पण करेंगे। उसके बाद वे तहसील परिसर में स्थित गोडी पाठशाला एवं सांस्कृतिक लाइब्रेरी के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे तत्पश्चात सर्किट हाउस के लिए प्रस्थान करेंगे। सर्किट हाउस से दोपहर 3.50 बजे ग्राम सुभिया मुड़पार के लिए प्रस्थान कर सायं 04 बजे सुभिया मुड़पार पहुंचेंगे और वहां आयोजित मंदिर लोकार्पण एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह कर्मा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के बाद प्रभारी मंत्री रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### अभद्र पोस्ट पर भाजपा ने कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ की शिकायत



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने शनिवार को कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य के खिलाफ फेसबुक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भ्रामक व नारी लज्जा को अपमानित करने वाली आपत्तिजनक पोस्ट करने की लिखित शिकायत सिटी कोतवाली में कराई है । साथ ही कार्यवाही की मांग की गई है। बड़ी संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत थाना प्रभारी को सौंपी। जिला अध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर ने कहा कि यह अत्यंत गंभीर विषय है। कांग्रेस अध्यक्ष ने फेसबुक पर नारीशक्ति वंदन अधिनियम से जोड़कर अभद्र व नारी लज्जा को प्रभावित करने वाली आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जो नारी का अपमान है और कांग्रेस व उनके पदाधिकारियों की मानसिकता को दशार्ता है। आईटी एक्ट की धाराओं सहित अन्य कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज करने आवेदन सौंपा है। कोतवाली में पहुंची कार्यकर्ताओं में सफीरा साहू, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, गीता नाग, आशा साहू, पूनम सिन्हा, बिजली बैद्य, माधुरी मंडल, रेखा सिंह, अनीता पटेल, बीबी चंदा बानो, त्रिवेणी रंधारी,झरना मोहंती, अंजू राय, श्वेता बघेल, कौशल्या क्षत्रिय, गायत्री बघेल, मधुमिता कश्यप, झरना बांगर, प्रकाश झा, ब्रिजेश शर्मा, राजा यादव, अभिलाष यादव, ब्रजेश कपूर, परमेश राजा, आनंद झा, राज पांडे, गुलाम अशरफ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन के अग्नि सुरक्षा मॉकड्रिल में आपदाओं पर दिखाया गजब का साहस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर**

अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर कांकेर पुलिस लाइन में आयोजित विशेष अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण और मॉकड्रिल कार्यक्रम ने सुरक्षा जागरूकता की एक सशक्त मिसाल पेश की। कार्यक्रम का उद्देश्य आगजनी की घटनाओं के दौरान त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के प्रति सजगता बढ़ाना रहा।

प्रशिक्षण सत्र में अग्निशमन विभाग के विशेषज्ञों ने विस्तार से बताया कि आग लगने की घटनाओं में अक्सर घबराहट सबसे बड़ा खतरा बन जाती है, जिससे नुकसान कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने शॉर्ट सर्किट, गैस रिसाव, ज्वलनशील पदार्थों और वाहनों में लगने वाली आग के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डाला। साथ ही यह भी समझाया कि आपदा के समय संयम और सूझबूझ से उठाए गए कदम ही जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। मॉकड्रिल के दौरान आग बुझाने की विभिन्न तकनीकों का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया। अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग, आग बुझाने की विधियों और आपातकालीन प्रतिक्रिया के महत्वपूर्ण पहलुओं का अभ्यास कराया गया। इस दौरान फायरमैन किशोर पटेल, गोविंद राम जैन, मिथलेश जैन, दिलेश नागराज, नरेश नेताम और विरेंद्र तारम ने अग्नि सुरक्षा की बारीकियों को साझा करते हुए जीवन रक्षा के मूल मंत्र बताए। अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत किया गया यह प्रयास सराहनीय माना जा रहा है, क्योंकि पुलिस कर्मी अक्सर दुर्घटना स्थल पर सबसे पहले पहुँचते हैं। ऐसे में यह प्रशिक्षण न केवल उनकी दक्षता बढ़ाएगा, बल्कि आपदा के समय जनहानि को कम करने में भी मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक गोविंद वर्मा, सहायक उप निरीक्षक नम्मू कोडोपी, लाइन ऑफिसर कांकेर सहित एमटी शाखा के वाहन चालक और विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**दमदार प्रदर्शन में सिखाए गए जीवन रक्षा के गुर**




## सियासत: महिला आरक्षण बिल पर प्रतिक्रियाएं

# देश की महिलाओं के साथ विपक्ष ने किया विश्वासघात, विपक्ष का चेहरा हुआ उजागर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर**

देश की आधी आबादी मातृ शक्ति को उनका वास्तविक हक देने, महिलाओं को राजनीति में उच्च स्थान दिलाने, उनके अधिकारों का सम्मान करने और देश की बेटियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से लाए गए महत्वपूर्ण संविधान संशोधन बिल पर कांग्रेस तथा अन्य विपक्षी दलों का खुला विरोध एक बार फिर साबित कर गया कि उनकी कथनी और करनी में कितना बड़ा अंतर है। भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला है।



भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर तीखा हमला करते हुए कहा कि लोकसभा में प्रस्तुत इस विधेयक का उद्देश्य महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में एक-तिहाई आरक्षण देना था, जो उनके राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब देश की आधी आबादी को मुख्यधारा में लाने का महत्वपूर्ण अवसर आया, तब कांग्रेस और अन्य दलों ने राजनीतिक स्वार्थ को प्राथमिकता देते हुए इसका विरोध किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह विरोध केवल एक बिल तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और उज्ज्वल भविष्य के खिलाफ खड़े होने का प्रतीक है। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि परिसीमन जैसे मुद्दों को बहाना बनाकर उन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल को रोकने का प्रयास किया, जबकि 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने का यह उपयुक्त समय था।

### विपक्ष का चेहरा हो गया उजागर

भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर ने महिला आरक्षण मुद्दे पर विपक्ष पर राजनीतिक स्वार्थ का आरोप लगाते हुए कहा कि यह केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों और उनके भविष्य से जुड़ा विषय है। उनके अनुसार, महिलाओं को सशक्त बनाने का यह महत्वपूर्ण अवसर था, जिसे कुछ दलों ने तकनीकी और राजनीतिक कारणों का हवाला देकर रोकने की कोशिश की। 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भी बहस तेज हो गई है। सत्ता पक्ष इसे महिलाओं के प्रतिनिधित्व का मजबूत आधार मानता है, जबकि विपक्ष इसके क्रियान्वयन में स्पष्टता की मांग कर रहा है।



### विपक्ष ने महिलाओं को केवल नारे तक रखा सीमित

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नगर पंचायत नरहरपुर के पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि महिला आरक्षण देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की ऐतिहासिक पहल है, लेकिन कांग्रेस और कुछ विपक्षी दलों ने तकनीकी कारणों का हवाला देकर इसका विरोध किया। उन्होंने इसे महिलाओं के अधिकारों के साथ समझौता बताया। उनके अनुसार, यह कदम महिलाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ाकर शासन को अधिक संतुलित, संवेदनशील और समावेशी बनाएगा। संचेती ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने महिला सशक्तिकरण को केवल नारों तक सीमित रखा। उन्होंने कहा कि मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति से परिसीमन जैसी प्रक्रियाएं समयबद्ध तरीके से पूरी की जा सकती हैं।



# 30 साल पुराने आशियानों पर चला बुलडोजर, अब पेड़ के नीचे बसेरा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर**

ग्राम पंचायत पाडेंगा के नयापारा में रहने वाले बाढ़ पीड़ित 6 परिवारों का आशियाना प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाकर तोड़ दिए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि ये सभी परिवार पिछले लगभग 30 वर्षों से यहां निवास कर रहे थे, लेकिन अचानक नोटिस देकर उन्हें बेदखल कर दिया गया।

यह परिवार मूल रूप से राधापुर पीवी 85 के निवासी हैं, जिन्हें वर्ष 1994 में बाढ़ पीड़ित होने के बाद तत्कालीन तहसीलदार पखांजूर द्वारा अस्थाई रूप से शासकीय भूमि पर रहने की अनुमति दी गई थी। तब से ये परिवार यहीं अपना जीवन यापन कर रहे थे। इन परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल योजना और बिजली सुविधा का लाभ भी मिल चुका था। यहां तक कि 6 में से 2 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान भी मिला था, जिन्हें भी अब बुलडोजर से तोड़ दिया गया।

ग्राम पंचायत और राजस्व विभाग का कहना है कि संबंधित भूमि हाई स्कूल के लिए आरक्षित है और वहां बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाना है। हालांकि, पीड़ितों का आरोप है कि राजस्व दस्तावेजों में यह भूमि घास मद के रूप में दर्ज है और हाई स्कूल के लिए आरक्षित होने का कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है। तहसीलदार बांदे द्वारा 15 अप्रैल तक मकान खाली करने का नोटिस दिया गया था, लेकिन महज दो दिन बाद 17 अप्रैल को कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर सभी 6 परिवारों को बेघर कर दिया। अब हालात यह हैं कि ये परिवार अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ इस भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे, पेड़ के नीचे रहने को मजबूर हैं।

# आवास योजना पर सियासी टकराव, भाजपा ने कांग्रेस पर लगाया गुमराह करने का

- 2022 के आदेश को छिपाने का आरोप, भाजपा ने कांग्रेस की दोहरी राजनीति बताई

**कांकेर।** नगर पालिका परिषद कांकेर में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सियासत तेज हो गई है। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक एवं भाजपा पार्षदों ने संयुक्त रूप से कांग्रेस के पार्षदों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पिछली सरकार के 2022 के आदेश को छिपाकर जनता को गुमराह किया गया। जिला प्रशासन पहले ही मार्च 2025 में कथित भ्रामक सूची को निरस्त कर चुका था, जिसके बाद अब नियमों के तहत नए सिरे से आवंटन प्रक्रिया चलाई जा रही है।

कांकेर नगर पालिका में प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक और भाजपा पार्षदों ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी पिछली परिषद की विफलताओं और कथित भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए निराधार आरोप लगा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष ने दस्तावेजों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि वर्तमान में 3 लाख 90 हजार रुपये में आवास आवंटन का प्रावधान छत्तीसगढ़ की तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा 11 फरवरी 2022 को जारी आदेश के अनुसार ही तय किया गया था। ऐसे में कांग्रेस का इसका विरोध करना उनकी दोहरी राजनीति को उजागर करता है। भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती परिषद ने 128 आवासों के विरुद्ध नियमों का उल्लंघन करते हुए लगभग 208 लोगों का चयन किया था, जो पूरी तरह भ्रामक था। शिकायत के आधार पर इस सूची को जिला प्रशासन ने 28 मार्च 2025 को ही निरस्त कर दिया था, जो वर्तमान परिषद के गठन और 5 मई 2025 को हुई पहली सामान्य बैठक से पहले की कार्रवाई है। इसलिए इस निरस्तीकरण का ठीकरा वर्तमान परिषद पर फोड़ना पूरी तरह गलत और राजनीति से प्रेरित बताया गया।



भाजपा पार्षदो ने यह भी स्पष्ट किया कि 75 हजार रुपये में आवास पाने का विकल्प आज भी उन पात्र लोगों के लिए उपलब्ध है, जो नदी-तालाब किनारे या स्लम बस्तियों में शासकीय भूमि पर काबिज हैं और भूमि समर्पित करने को तैयार हैं। किराएदार और अन्य आवासहीन वर्ग के लिए 3 लाख 90 हजार रुपये की राशि शासनादेश के अनुसार निर्धारित है। भाजपा पार्षदों ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल के पिछली परिषद ने वोट बैंक की राजनीति के तहत जनता को गुमराह किया, जबकि वर्तमान परिषद प्रशासन के मार्गदर्शन में पारदर्शिता के साथ वास्तविक जरूरतमंदों की नई सूची तैयार कर रही है। उन्होंने दोहराया कि किसी भी नियम में बदलाव नहीं किया गया है, बल्कि निरस्त सूची के स्थान पर अब नियमों के अनुसार पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराया जा रहा है।


# चाकू की नोक पर मां-बेटे से मारपीट व लाखों की लूट, तीन पर मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर**

- ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवाया और सोने-चांदी के जेवर समेत नकदी लूटकर फरार

भानुप्रतापपुर में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक महिला और उसके बेटे को पहले होटल में बंधक बनाकर प्रताड़ित किया गया और फिर घर में घुसकर चाकू की नोक पर मारपीट व लूटपाट की गई। आरोप है कि तीन आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से धमकाकर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करवाए और सोने-चांदी के जेवर समेत नकदी लूटकर फरार हो गए।

थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 14 भानुप्रतापपुर निवासी 55 वर्षीय भावना सचदेव स्व. महेश सचदेव ने पुलिस को बताया कि 16 अप्रैल को रात करीबन साढ़े 12 बजें मेरे निवास में घुसकर दो अनजान व्यक्ति, जिसके साथ एक महिला भी थी। मेरे बेटे सौरभ सचदेव के साथ मेरे घर आए मुझे और मेरे बेटे को गाली देते हुए गले में चाकू रखकर जान से मारने की धमकी दिया। सभी ने मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट किया, जिससे मै डर गई और मेरी बेटी के मोबाईल से 14 हजार रूपएं उसके एकाउण्ट में ऑनलाईन ट्रान्सफर करवाई हूं तथा घर में रखे सोने की दो अंगूठी और एक सोने की चैन व नगदी राशि करीब 60 हजार रूपएं को जबरदस्ती लूटकर ले गए है। उनके मारपीट से हम दोनो को चोट आई है। शोर सुनकर दो व्यक्ति हमे बचाने के लिए आए, जिससे वह लोग डरकर भाग गए। उनके भागने के बाद मैने अपने बेटे से पूछा कौन थे वो लोग तो उसने बताया कि उस महिला ने धोखे से होटल तराशा में बुलाया रूम नंबर 207 में उनके साथ दो व्यक्ति वहां मौजूद थे, जिन्होने रात्रि करीब 10 बजे से मेरे साथ रूम में मारपीट की और गले में चाकू रखकर विडियो बनवाया और पैसे की मांग कि और मुझे घर लेकर आए। वे तीनो भिलाई निवासी है, जिसमें एक व्यक्ति का नाम हिमांशु शर्मा और दूसरा राज कर्मकार और लड़की का नाम रिंकी कुमारी है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हिमांशु शर्मा, राज कर्मकार और रिंकी कुमारी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 309 (4), 333 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।



# पिरचोड-तोपापारा में गहराया जल संकट दो साल से बंद पड़ी सौर की जल टंकी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल**

विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत लोहतर अंतर्गत आश्रित ग्राम पिरचोड-तोपा पारा में पेयजल संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। गांव के ग्रामीण पीने के पानी के लिए परेशान हैं और रोजाना दूर-दराज के जलस्त्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों के अनुसार लगभग दो वर्ष पूर्व गांव में सौर ऊर्जा आधारित पानी टंकी स्थापित की गई थी, जिससे लोगों को घर के पास स्वच्छ पेयजल मिलने की उम्मीद जगी थी। लेकिन बोर नहीं होने के कारण यह योजना शुरू होने से पहले ही बंद पड़ी है और आज तक उपयोग में नहीं आ सकी। गर्मी बढ़ने के साथ स्थिति और गंभीर हो गई है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सुबह से ही पानी की तलाश में निकल पड़ते हैं। कई स्थानों पर हैंडपंप और अन्य जलस्त्रोतों पर लंबी कतारें लग जाती हैं। इससे ग्रामीणों को न केवल दैनिक उपयोग बल्कि पशुओं के लिए भी पानी जुटाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लाखों रुपए खर्च कर सौर जल टंकी का ढांचा तो तैयार कर दिया गया, लेकिन बुनियादी व्यवस्था पूरी नहीं की गई।



बोर के अभाव में पूरी योजना निष्प्रभावी साबित हो रही है। गांव के लोग लंबे समय से जल संकट झेल रहे हैं और अब शीघ्र समाधान जरूरी है। उन्होंने संबंधित विभाग से जल्द बोर कराकर सौर जल टंकी को चालू करने की मांग की है। शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब उन्हें धरातल पर सही तरीके से क्रियान्वित किया जाए। केवल टंकी स्थापित कर देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि बोर, पाइपलाइन और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करना आवश्यक है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द कार्यवाही की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## पेज एक के शेष

### टांहकापार में रेत का अवैध...

ग्रामीणों ने विभाग की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए मांग की है कि ऐसे मामलों में लगातार निगरानी रखी जाए ताकि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लग सके।

### महुआ, किशमिश व ...

पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी रामरतन कोर्राम ने स्वीकार किया कि उसने अखिलेश चंदेल के घर के पास से एक मोटरसाइकिल भी चोरी की थी। आरोपी के कब्जे से 2 बोरी सूखा महुआ एवं 01 बोरी सूखा अंगूर (किशमिश), चोरी की एक मोटरसाइकिल कीमत 33 हजार रूपएं व नदग 500 रूपएं को जप्त किया। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी रमेश जायसवाल, प्रधान आरक्षक नरेंद्र देव मांझी, अजेन नरेटी, आरक्षक मस्सूराम दर्रो और शंभू उसेंडी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

### अक्षय तृतीया पर अनोखी...

ग्राहक अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, महिलाएं भी पूजा सामग्री के साथ इन मूर्तियों को खरीदना शुभ मान रही हैं। अक्षय तृतीया के अवसर पर कांकेर का बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आ रहा है और त्योहार की रौनक चारों ओर देखने को मिल रही है।

### विकास योजनाएं स्वयं ...

आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, कांकेर एसडीएम अरुण वर्मा, स्टेला खलखो सहित जनपद पंचायतों के सीईओ, विभिन्न योजनाओं के जिला प्रमुख और क्लस्टर स्तर के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# सराधू घमरे में नल-जल योजना फेल, पाँच दिनों में नहीं सुधारी तो स्ट्रक्चर उखाड़ेंगे

- पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है : सरपंच

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत सराधू घमरे में केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन नल-जल योजना की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सरपंच मनेसिंह सलाम ने आरोप लगाया है कि योजना पूरी तरह विफल हो चुकी है और ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सरपंच ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि 5 दिनों के भीतर खराब बोर पंप को सुधारकर नया पंप नहीं लगाया गया, तो पंचायत स्तर पर नल-जल योजना के तहत बने सभी ढांचे स्ट्रक्चर हटाकर पुनः हैंडपंप स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत के आश्रित ग्राम हुलघाट में बोर पंप पिछले तीन महीनों से खराब पड़ा है। क्रेडा विभाग द्वारा दो महीने पहले खराब पंप को निकाल लिया गया था, लेकिन अब तक नया पंप नहीं लगाया गया। इसके चलते गांव की महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में स्थिति और भी विकट हो गई है। आश्रित ग्राम डोडकाएंहूर में भी नल-जल योजना ठप पड़ी है। यहां बंद पड़े हैंडपंप में बोर मोटर पंप लगा दिया गया, जिससे योजना का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो गया। अब ग्रामीण फिर पुराने हैंडपंप पर निर्भर हो गए हैं, जबकि नल-जल योजना के तहत बनाए गए ढांचे बेकार पड़े हैं। सरपंच मनेसिंह सलाम ने कहा लोगों को प्रचार नहीं, पानी चाहिए। हर घर नल से जल का दावा किया गया था, लेकिन यहां नल सूखे पड़े हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद गांवों में पानी नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि योजना कुछ अधिकारियों और ठेकेदारों के लिए कमाई का जरिया बन गई है, जबकि आम जनता परेशान है। ग्रामीणों ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि योजना के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस लाभ नहीं मिला। खराब बोर पंप की मरम्मत में लापरवाही के कारण पूरे क्षेत्र में जल संकट गहराता जा रहा है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए 31 मई तक है मौका

**कांकेर।** आकांक्षी जिला कांकेर के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश कुमार मंडावी की विशेष पहल एवं मार्गदर्शन में दुर्गुकोंदल शिक्षा केंद्र आश्रम में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण, वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्रों के बच्चों के लिए नई उम्मीद बनकर सामने आई है।

### घायल युवती की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बस्तर जिला के धरमपुरा थानांतर्गत घाटपदपुर निवासी 24 वर्षीय प्रिती शोरी पिता स्व. राजेंद्र शोरी का इलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल से



अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका सड़क दुघटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, लेकिन चोट गंभीर होने के कारण उसकी 17 अप्रैल को मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### प्रशिक्षण में दो कक्षों में कुल 90 प्रगणक एवं सुपरवायजरों ने भाग लिया

# जनगणना 2027 के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण जारी, 1 मई से मकान सूचीकरण होगा प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर



कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी कांकेर के निर्देश तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भानुप्रतापपुर के मार्गदर्शन में जनगणना 2027 के द्वितीय बैच का प्रशिक्षण संस्कार वैली स्कूल में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में दो कक्षों में कुल 90 प्रगणक एवं सुपरवायजरों ने भाग लिया।

एसडीएम गंगाधर वाहिले ने प्रशिक्षण सत्र में जनगणना की प्रक्रिया, हाउस लिस्टिंग, हाउसिंग सर्वे एवं मैपिंग के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी, जिसमें मोबाइल एप के जरिए घर-घर जाकर डेटा संग्रह किया जाएगा। साथ ही उन्होंने गोपनीयता बनाए रखने एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन पर विशेष जोर दिया। तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा ने जनगणना अधिनियम 1948 एवं 1990 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। इसके अंतर्गत परिवार के मुखिया से पूछे जाने वाले 34 प्रश्नों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने मोबाइल एप के माध्यम से मकान सूचीकरण एवं गणना की कार्यविधि समझाई।

उन्होंने एप इंस्टॉलेशन प्रक्रिया, डेटा भरने की विधि, ब्लॉक निर्धारण, सीमांकन एवं भू-चिन्हों के आधार पर सर्वे कार्य की जानकारी दी। साथ ही प्रगणकों को उनके आवंटित क्षेत्रों में सटीक सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स अशोक ठाकुर, निरंकार श्रीवास्तव, नुमेश सोनी, खेमलाल कटेंद्र, विकास कोमरे, हितेश यादव एवं द्रोण टांडिया ने भी जनगणना के उद्देश्य, डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन, मानचित्र निर्माण एवं सर्वे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में मार्गदर्शन दिया। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना का कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी, जबकि द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। यह भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मोबाइल एप के माध्यम से आंकड़े संकलित किए जाएंगे। प्रशिक्षण सत्र में प्रगणकों की शंकाओं का समाधान किया गया तथा प्रायोगिक अभ्यास के माध्यम से फॉर्म भरने की प्रक्रिया समझाई गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सटीक एवं अद्यतन जानकारी संकलित की जाए, ताकि शासन की योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में वास्तविक आंकड़ों का उपयोग किया जा सके। इस अवसर पर निरंकार श्रीवास्तव, नुमेश सोनी, खेमलाल कटेंद्र, विकास कोमरे, हितेश यादव, द्रोण टांडिया के साथ सुपरवायजर एवं प्रगणक उपस्थित रहे।

# दुर्गूकोंदल ब्लॉक कांग्रेस की नई टीम की घोषणा संगठन को मिलेगी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुमोदन के बाद जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष बसंत यादव ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल की नई कार्यकारिणी को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में प्रभारी महामंत्री उदय प्रकाश शर्मा द्वारा आधिकारिक पत्र जारी कर जानकारी दी गई।

जारी पत्र के अनुसार ब्लॉक अध्यक्ष धनेश नरेटी को कार्यकारिणी की कमान सौंपी गई है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि सभी पदाधिकारियों को सूचित कर संगठनात्मक गतिविधियों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। नई कार्यकारिणी में विभिन्न वर्गों और क्षेत्रों के सक्रिय कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है, जिससे संगठन को अधिक मजबूत और सर्वसमावेशी बनाने का प्रयास किया गया है। कोषाध्यक्ष के रूप में दिनेश महावे को जिम्मेदारी दी गई है। उपाध्यक्ष पद पर रामरतन नेताम, अर्जुन टाडिया, सुखचंद प्रजापति, सविता उयके, भीखम देहारी और उमेश्वरी मंडावी को नियुक्त किया गया है। महामंत्री पद पर जयसिंह हिडको, रजमन कोवाची, बसंती भालेश्वर, अहिल्या दर्रो, सियाराम दर्रो, विनय नरेटी, नरेन्द्र जैन एवं शांति जाडे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव पद पर घनश्याम ठाकुर, नारायण पुड़ों, देयु मंडावी, हिरोतिन दर्रो, अनुपा कोवाची, सुशीला गावड़े, जैन पुडो, दालसिंह पात्र, श्रीराम बघेल और मुन्ना पटेल को शामिल किया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रंग्मूलाल समरथ, लच्छूराम नेरेटी, केशों शोरी, बुधगारिन पददा, रैनसिंह कोठारी और भागीरथी निषाद को जगह दी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी का मानना है कि नई टीम गांव-गांव तक संगठन को मजबूत करेगी और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएगी। नई कार्यकारिणी के गठन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आदिवासी बहुल क्षेत्र दुर्गुकोंदल में इस नई टीम के गठन से कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठन की जमीनी पकड़ और मजबूत होगी। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अनुभवी और युवा चेहरों के संतुलन से संगठन को नई दिशा मिलेगी।

## जलठन फेंकने पर जेठ ने महिला को पटका



**कांकेर।** पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे शुभपल्ली निवासी 45 वर्षीय रीता मजूमदार पति साहिल मजूमदार ले पुलिस को बताया कि रोज कि तरह कापसी से मजदूरी का काम करके शाम को घर आई। बच्चों के लिए खाना बनाकर खिलाने बाद बची हुई दाल को मेरे बेटा कयान्स मजूमदार के द्वारा 16 अप्रैल को रात पौने 9 बजें घर की टीना में फेंकने चला गया। झूठन दाल को फेंक दिया कहता हुआ मेरे जेठ मिथुन मजुमदार के द्वारा मेरे घर के सामने आंगन में आकर मुझे गाली देने लगा और जान से मारने की धमकी देकर दरवाजा में पटक दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मिथून मजूमदार के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमवी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




THE BEST TREATMENT FOR
KIDNEY STONES WITH LITHOTRIPSY
• No incisions
• No pain
• No bleeding
• No hospital stay
Get back to your normal life
Get the best treatment for kidney stones
Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

